पंजाब केसरी 01 मार्च 2025

www.punjabkesari.in

## न्यूज ब्रीफ

# बत्रा महाविद्यालय में 147 विद्यार्थियों का रोजगार मेले में चयन

पालमपुर, 28 फरवरी (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया। रोजगार मेले का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साक्षात्कार मानव जीवन का अहम हिस्सा है। राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों के अलावा कलस्टर में जुड़े विमहाविद्यालय नौरा, बैजनाथ, शिवनगर, जयसिंहपुर तथा मुल्थान के 800 जिसार्थियों ने पंजीकरण करवाया। 417 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया, बाकी में से 147 विद्यार्थी चयनित हुए। अभी दो कंपनियों का रिजल्ट आना है। यह जानकारी महाविद्यालय मीडिया प्रभारी लैफ्टिनैंट डॉ. दीप कुमार ने दी।

DATE

दिव्य हिमाचल 1|03|25

147 छात्र रोजगार मेले में चयनित

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार के दिन रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साक्षात्कार मानव जीवन का अहम हिस्सा है। शुरुआत भले ही कम सैलरी से हो, लेकिन अनुभव और मेहनत के साथ बड़ा पैकेज मिलना सुनिश्चित है। इस रोजगार मेले में 13 कंपनीज और दो बैंक्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इसमें राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों के अलावा क्लस्टर में जुड़े महाविद्यालय नौरा, बैजनाथ, शिवनगर, जयसिंहपुर तथा मुल्थान के 800 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया। 417 विद्यार्थियों ने साक्षात्कार दिया, जिसमें से 147 विद्यार्थी चयनित हुए। अभी दो कंपनियों का रिजल्ट आना बाकी है।

दैनिक जागरण 01-03-2025

# विक्रम बतरा कालेज में रोजगार मेले में 147 युवाओं को मिली नौकरी

**13** कंपनियों व दो बैंकों ने कैप्टन विक्रम बतरा कालेज में रोजगार मेले में भाग लिया

**6** महाविद्यालयों के 800 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया, 417 ने साक्षात्कार में लिया भाग

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया। इसका आरंभ प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साक्षात्कार मानव जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शुरुआत भले ही कम वेतन से हो, लेकिन अनुभव औरं मेहनत से बड़ा पैकेज मिलना सुनिश्चित है। रोजगार मेले में 13 कंपनियों और दो बैंकों ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार लिए। राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों के अलावा क्लस्टर में जुड़े नौरा, बैजनाथ, शिवनगर, जयसिंहपुर व मुल्थान महाविद्यालय के 800 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया। साक्षात्कार में 417 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 147 चयनित हुए। दो कंपनियों का परिणाम आना शेष है।

मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. दीप कुमार ने बताया कि रोजगार मेले के लिए बुड्ढा मल ज्वेलर्स, गोयल बुक डिपो, विकास वासुदेव पालमपुर, आकाश पब्लिकेशन, माडर्न पब्लिकेशन, सुरभि साई फूड महाकाल (बैजनाथ), रियात बहरा ग्रुप



बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा कालेज में रोजगार मेले में उपस्थित प्राध्यापक व विद्यार्थी • जागरण

इंस्टीट्यूशंस व सिद्धि इंफोनेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से स्पांसरशिप मिली है। करियर गाइडेंस सेल की समन्वयक डा. शैलजा वासुदेव ने करियर काउंसलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल के सदस्यों, प्राध्यापकों, रोजगार मेले में आई कंपनियों व बैंकों के प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि विद्वान साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में चार, आयुष हर्ब्स नगरोटा बगवां में तीन, ट्रांस्काम में दो, रैंडस्टैड में 19, एक्सिस बैंक में 28, सिद्धि इन्फोनेट इंडिया में 19, जस्ट डायल में 20, प्लूटो टूर वर्ल्ड में 13, वी 5 ग्लोबल में 28, एचडीएफसी बैंक में पांच, पेटीएम में छह विद्यार्थियों को नौकरी मिली है। सीएम साफ्ट साल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड व फ्रैंकफिन कंपनी का परिणाम आना बाकी है। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक 104 विद्यार्थियों का पंजीकरण जस्ट डायल कंपनी में हुआ था, लेकिन 33 ने साक्षात्कार में भाग लिया और इनमें से 20 का चयन हुआ।

DATE

(192) दैनिक जागरण !

03/03/2025

(193) दैनिक भास्कर

03/03/2025

# बतरा कालेज लाइब्रेरी को मिली वेब ओपेक सुविधा

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की लाइब्रेरी में वेब ओपेक सुविधा जोड़ी गई है। कालेज पुस्तकालय की ओर से प्रदान की जा रही अन्य ई-सेवाओं के साथ एक नया मील का पत्थर है। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने इस सुविधा का शुभारंभ किया।

महेश सूद लाइब्रेरियन कालेज कैडर ने इस सुविधा के लाभों के बारे में बताया यह सेवा क्यू आर कोड से भी जुड़ी हुई है। यह सेवा छात्रों और शिक्षकों को सुविधा प्रदान करेगी और इस सुविधा का उपयोग करके कालेज पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता की खोज की जा सकती है। इसके साथ ही पुस्तक की उपलब्धता अथवा ऋण की वर्तमान स्थिति के बारे में भी आनलाइन जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने महेश सूद लाइब्रेरियन कालेज कैडर के प्रयासों की सराहना की और इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। इससे पहले भी लाइब्रेरी में आरएफआइडी स्मार्ट आईडी कार्ड, वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन एन-लिस्ट सुविधा के रूप में विभिन्न सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डा. दीप कुमार ने दी।



बतरा कालेज में लाइब्रेरी वेब ओपेक सुविधा के शुभारंभ मौजूद छात्र व प्राध्यापक • जागरण

# विक्रम बत्रा कॉलेज की लाइब्रेरी को वेब ओपेक सुविधा से जोड़ा गया

पालमपुर | विक्रम बत्रा कॉलेज पालमपुर की लाइब्रेरी में वेब ओपेक सुविधा जोड़ी गई, जो कॉलेज पुस्तकालय द्वारा प्रदान की जा रही अन्य ई-सेवाओं के साथ एक नया मील का पत्थर है। महेश सूद लाइब्रेरियन कॉलेज कैडर ने इस सुविधा के लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि यह सेवा क्यूआर कोड से भी जुड़ी हुई है जो छात्रों और शिक्षकों को सुविधा प्रदान करेगी। इस सुविधा का उपयोग करके कॉलेज पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता की खोज एवं साथ ही पुस्तक की उपलब्धता अथवा ऋण की वर्तमान स्थिति के बारे में भी ऑनलाइन जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने महेश सूद के प्रयासों की सराहना की।

(194) पंजाब केसरी !

03/03/2025

# बतरा महाविद्यालय लाइब्रेरी वैब ओपेक सुविधा से जु

पालमपुर, 1 मार्च (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महावि पालमपुर की लाइब्रेरी में वैब ओपेक सुविधा जोड़ी गई है। यह सुविधा कॉ पुस्तकालय द्वारा प्रदान की जा रही, अन्य ई-सेवाओं के साथ एक नया मील पत्थर है। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने इस सुविधा का शुभारंभ किया। महेश लाइब्रेरियन कॉलेज कैडर ने इस सुविधा के लाभों के बारे में बताया। यह छात्रों और शिक्षकों को सुविधा प्रदान करेगी। प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने म सूद लाइब्रेरियन कॉलेज कैडर के प्रयासों की सराहना की। यह जान महाविद्यालय मीडिया प्रभारी लैफ्टिनैंट डा. दीप कुमार ने शेयर की।

DATE

(95) The Tribune :- 08/03/2024

# SCVB Govt College modernises library

OUR CORRESPONDENT

PALAMPUR, MARCH 2

Shaheed Captain Vikram Batra Government College, Palampur, has taken a significant step towards modernising its library by introducing the Web OPAC (Web Online Public Access Catalog) facility.

This new initiative enhances the digital services already available in the college library. The facility was inaugurated by the principal, Prof. Pankaj Sood, with college librarian Mahesh Sood explaining its various benefits to the audience.

The Web OPAC, integrated with a QR code, allows students and faculty to search for books, check availability and view real-time loan statuses online, making library resources more convenient and accessible. In addition, the college recently launched the One Nation One Subscription (ONOS) service, which enables faculty and students to access a vast collection of journals and theses online, significantly enhancing research opportunities and academic resources.

The N-LIST service is also available for accessing various digital resources.

Prof Pankaj Sood praised Mahesh Sood for his efforts in upgrading the library and congratulated the staff on these advancements. With the introduction of modern features like RFID and smart ID cards, the college library continues to evolve, ensuring better accessibility and efficiency for students and faculty.



Prof Pankaj Sood, with college librarian Mahesh Sood, launches the new Web OPAC (Web Online Public Access Catalog) facility.

DATE

196 The Tribune :- 03/03/2025



A job fair in progress at Shaheed Captain Vikra Batra Government College in Palampur.

# Job fair at Captain Vikram Batra Govt College witnesses high participation

**OUR CORRESPONDENT**

**PALAMPUR, MARCH 2**

The Career Counselling Guidance and Placement Cell of Shaheed Captain Vikram Batra Government College, Palampur, organised a successful job fair for final-year college students on Saturday. More than 15 companies took part in the event, aimed at hiring final-year students from both the host college and its cluster colleges.

Human Resource managers from several renowned companies, including CS Soft Solutions, Aayush Herbs, Just Dial, Paytm, Siddhi Infonet, Airtel, Frankfinn, Axis Bank, VS Global, Transcom, Subros India, Pluto Tours World, HDFC and many others, travelled from various locations to recruit final-year students. The event also received sponsorship from multiple organisations. Out of 800 online registrations, over 400 students attended the interviews, and 147 students were successfully selected by different companies.

Dr Shailza Vasudeva, the convener and organising secretary of the job fair, provided a brief introduction to the participating organisations and highlighted the importance of hosting such events in her welcoming speech. Principal Prof Pankaj Sood, in his inaugural address, underscored the significance of these job fairs and wished the students success in their future endeavours. At the end of the event, offer letters were distributed to the selected students by Prof Pankaj Sood.

197 दैनिक जागरण :- 04/03/2025

DATE

(198) दिव्य हिमाचल :- 04/03/2025

## शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया, जिसका शुभारंभ प्राचार्य पंकज सूद ने किया। शिविर का आयोजन कालेज के रेड रिबन क्लब, एनसीसी, एनएसएस, हेल्थ क्लब एवं सक्षम भारती फाऊंडेशन के सौजन्य से किया गया। शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर का प्रयोजन एलजी समूह द्वारा किया गया। उन्होंने उन्होंने रक्तदानियों को पानी की बोतल, शर्ट, कैप और रिफ्रेशमेंट देकर प्रोत्साहित किया। यह जानकारी कालेज मीडिया प्रभारी लेफ्टीनेंट डाक्टर दीप कुमार ने दी।

(199) हिमाचल दस्तक :- 04/03/2025

## शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य पंकज सूद ने किया। रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय रेड रिबन क्लब, एनसीसी, एनएसएस, हेल्थ क्लब एवं सक्षम भारती फाउंडेशन के सौजन्य से किया गया। शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर का प्रयोजन एलजी समूह द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदानियों को पानी की बोतल, शर्ट, कैप और रिफ्रेशमेंट देकर प्रोत्साहित किया। यह जानकारी महाविद्यालय मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. दीप कुमार ने दी।

(200) पंजाब केसरी :- 04/03/2025

## पालमपुर में 33 ने किया रक्तदान



पालमपुर, 3 मार्च (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सूद द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय रैड रिबन क्लब, एन.सी.सी., एन.एस.एस., हैल्थ क्लब एवं सक्षम भारती फाऊंडेशन के सौजन्य से किया गया। शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन एल.जी. समूह द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदानियों को पानी की बोतल, शर्ट, कैप और रिफ्रैशमैंट देकर प्रोत्साहित किया। यह जानकारी महाविद्यालय मीडिया प्रभारी लैफ्टिनैंट डा. दीप कुमार ने सांझा की है।



*प्रथम बार रक्तदान किया। (गोपाल)*

(201) पंजाब केसरी :- 04/03/2025

## नशे को छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो की ली शपथ




*पालमपुर : जागरूकता रैली निकालते हुए।* (भृगु)

पालमपुर, 3 मार्च (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस और नशा उन्मूलन पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. पंकज सूद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव भूरिया और प्रो. पूनम शर्मा के साथ-साथ अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य प्रो. पंकज सूद ने राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। प्रतिभागियों ने टी.बी. उन्मूलन और नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली।

DATE

(198) दिव्य हिमाचल :- 04/03/2025

## शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में रक्तदान शिविर लगाया, जिसका शुभारंभ प्राचार्य पंकज सूद ने किया। शिविर का आयोजन कालेज के रेड रिबन क्लब, एनसीसी, एनएसएस, हेल्थ क्लब एवं सक्षम भारती फाऊंडेशन के सौजन्य से किया गया। शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर का प्रयोजन एलजी समूह द्वारा किया गया। उन्होंने उन्होंने रक्तदानियों को पानी की बोतल, शर्ट, कैप और रिफ्रेशमेंट देकर प्रोत्साहित किया। यह जानकारी कालेज मीडिया प्रभारी लेफ्टीनेंट डाक्टर दीप कुमार ने दी।

(199) हिमाचल दस्तक :- 04/03/2025

## शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य पंकज सूद ने किया। रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय रेड रिबन क्लब, एनसीसी, एनएसएस, हेल्थ क्लब एवं सक्षम भारती फाउंडेशन के सौजन्य से किया गया। शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर का प्रयोजन एलजी समूह द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदानियों को पानी की बोतल, शर्ट, कैप और रिफ्रेशमेंट देकर प्रोत्साहित किया। यह जानकारी महाविद्यालय मीडिया प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. दीप कुमार ने दी।

(200) पंजाब केसरी :- 04/03/2025

## पालमपुर में 33 ने किया रक्तदान



पालमपुर, 3 मार्च (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सूद द्वारा किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय रैड रिबन क्लब, एन.सी.सी., एन.एस.एस., हैल्थ क्लब एवं सक्षम भारती फाऊंडेशन के सौजन्य से किया गया। शिविर में 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन एल.जी. समूह द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदानियों को पानी की बोतल, शर्ट, कैप और रिफ्रैशमैंट देकर प्रोत्साहित किया। यह जानकारी महाविद्यालय मीडिया प्रभारी लैफ्टिनैंट डा. दीप कुमार ने सांझा की है।




*प्रथम बार रक्तदान किया। (गोपाल)*

(201) पंजाब केसरी :- 04/03/2025

## नशे को छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो की ली शपथ




*पालमपुर : जागरूकता रैली निकालते हुए।* (भृगु)

पालमपुर, 3 मार्च (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस और नशा उन्मूलन पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. पंकज सूद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव भूरिया और प्रो. पूनम शर्मा के साथ-साथ अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य प्रो. पंकज सूद ने राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। प्रतिभागियों ने टी.बी. उन्मूलन और नशामुक्त समाज बनाने की शपथ ली।

202 हिमाचल दस्तक !- 06/03/

पालमपुर कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# विधायक आशीष बुटेल ने नवाजे होनहार



गौरव कौंडल ■ पालमपुर

पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने बुधवार को शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की।

विधायक ने इस अवसर पर शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा, शहीद कैप्टन सौरव कालिया और शहीद मेजर सुधीर वालिया की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। आशीष बुटेल ने इस अवसर पर महाविद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया और वार्षिक उत्सव की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सभी के लिए बड़े गौरव की बात है कि मातृ भूमि की रक्षा के सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर योद्धा अमर शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा के नाम पर राजकीय महाविद्यालय का नामांकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में शिक्षा ग्रहण करना आपने आप में गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि पालमपुर में डेढ़ करोड़ से बड़ी डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जा रही है, जो राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय से जुड़ेगी। इसमें 500 छात्रों को एक साथ बैठने की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय बनने से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में सहायता मिलेगी। आशीष बुटेल ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

203 दिव्य हिमाचल !- 06/03/2025

# आशीष बुटेल ने नवाजे बतरा कालेज के मेधावी

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पालमपुर के विधायक ने बढ़ाया मान-सम्मान

सिटी रिपोर्टर-पालमपुर




पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने बुधवार को शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक ने इस अवसर पर शहीद कैप्टन विक्रम बतरा, शहीद कैप्टन सौरव कालिया और शहीद मेजर सुधीर वालिया की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। आशीष बुटेल ने इस अवसर पर महाविद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया और वार्षिक उत्सव की बधाई दी। वार्षिक उत्सव वर्ष भर में संस्थान द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में अर्जित उपलब्धियों के सम्मान करने का अवसर होता है। पालमपुर में डेढ़ करोड़ से बड़ी डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जा रही है, जो राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय से जुड़ेगी। इसमें 500 छात्रों की एक साथ बैठने की सुविधा होगी। पुस्तकालय बनने से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में सहायता मिलेगी। आशीष बुटेल ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। । इससे पहले महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज सूद ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वर्ष भर में महाविद्यालय द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महापौर गोपाल नाग, उपमहापौर राज कुमार, निगम पार्षद, त्रिलोक चंद, उपप्रधानाचार्य कल्पना ऋषि, डाक्टर अजय ठाकुर, सुनीता कटोच, डाक्टर अनुपम, अनीता सरोज सहित प्राध्यापक व विद्यार्थी और अभिभावक मौजूद रहे।

DATE

(204) दैनिक जागरण :- 06/03/2025

# बुटेल ने कैप्टन विक्रम बतरा कालेज के होनहार सम्मानित किए

**बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया**

संवाद सूत्र, जागरण • पालमपुर : विधायक आशीष बुटेल ने बुधवार को बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कैप्टन विक्रम बतरा, कैप्टन सौरव कालिया और मेजर सुधीर वालिया की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा युवाओं और समाज के लिए देशसेवा, समर्पण शौर्य तथा बलिदान के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। सरकार शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार कर शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ बना रही है।




बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा कालेज पालमपुर के वार्षिकोत्सव में मौजूद सम्मानित होनहार, स्टाफ व मुख्यातिथि • जागरण

उन्होंने छात्रों से शिक्षा के साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रहने को कहा। पालमपुर में डेढ़ करोड़ से बड़ा डिजिटल पुस्तकालय बनाया जा रहा है, जो राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय से जुड़ेगी। इसमें 500 छात्रों की एक साथ बैठने की सुविधा होगी। पुस्तकालय बनने से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में सहायता मिलेगी। आशीष बुटेल ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्राचार्य प्रधानाचार्य पंकज सूद, महापौर गोपाल नाग, उपमहापौर राज कुमार, निगम पार्षद, त्रिलोक चंद, उप प्रधानाचार्य कल्पना ऋषि, डा. अजय ठाकुर, सुनीता कटोच, डा. अनुपम, अनीता सरोज आदि मौजूद रहे।

(205) अमर उजाला :- 06/03/2025

## कैप्टन विक्रम बत्तरा कॉलेज के होनहार नवाजे

**पालमपुर(कांगड़ा)।** पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने बुधवार को शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विधायक ने इस अवसर पर शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा, कैप्टन सौरव कालिया और मेजर सुधीर वालिया की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि हम सभी के गौरव की बात है कि मातृ भूमि की रक्षा के सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर योद्धा कैप्टन विक्रम बत्तरा के नाम पर राजकीय महाविद्यालय का नामकरण हुआ है। इस संस्थान में शिक्षा ग्रहण करना अपने आपमें गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि पालमपुर में डेढ़ करोड़ से बड़ी डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जा रही है, जो राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय से जुड़ेगी। आशीष बुटेल ने सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। इससे पहले महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज सूद ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और महाविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। संवाद

(206) The Tribune ! 08/03/2025

# Annual prize distribution at Capt Vikram Batra College

**OUR CORRESPONDENT**

PALAMPUR, MARCH 7

Shaheed Captain Vikram Batra Government College, Palampur, celebrated its annual prize distribution function yesterday. The function recognised the outstanding achievements of students and faculty in academics, sports, cultural activities, and research.

Speaking on the occasion, chief guest Ashish Butail, Chief Parliamentary Secretary, Government of Himachal Pradesh, praised the college for its remarkable progress and exemplary achievements. He commended the principal and faculty members for their dedication and hard work toward the holistic development of students. Butail also announced the fulfilment of the college's key demands to further enhance academic and infrastructural facilities. These include the introduction of new courses— Bachelor of Physical Education (BP Ed) and Bachelor of Vocation (B Voc)— in the next academic year, the establishment of a new hostel, an open-air gym, and the installation of solar lights.

Additionally, Butail assured support for filling vacant teaching and non-teaching positions and approved funding for improved sanitation facilities on the college campus, along with enhanced research facilities for PG students. Butail donated Rs 50,000 to support students in cultural and extra-curricular activities. He distributed prizes to various position holders in academics, sports, cultural and other categories. The event was attended by distinguished guests and concluded with vibrant cultural performances, prize distribution, and a reaffirmation of the college's dedication to academic and extracurricular excellence.

Earlier, in his welcome address, Principal Pankaj Sood highlighted the college's accomplishments in the 2024-25 academic year. He announced that SCVB Government College, Palampur, secured the first rank in Kangra and 13th in Himachal Pradesh, as per the evaluation of the self-assessment report of 2023-24 by the Directorate of Higher Education, Shimla.

He also highlighted the introduction of newly launched programmes—Post Graduate Diploma in Computer Applications (PGDCA) and Master of Arts in English—expanding academic opportunities for students. Additionally, he emphasised the college's technological advancements, including the Web OPAC system for online library access and its membership in One Nation One Subscription (ONOS), providing nationwide access to scholarly research.

(207) दिव्य हिमाचल 08/03/25

## पालमपुर कालेज में सजी पुस्तक प्रदर्शनी

पालमपुर। एससीवीबी गवर्नमेंट कालेज पालमपुर ने अपने परिसर में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया। कालेज प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच पढ़ने और बौद्धिक संवर्धन की संस्कृति को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी में अकादमिक प्रकाशनों, संदर्भ सामग्रियों और प्रतियोगी परीक्षा गाइडों से लेकर पुस्तकों का संग्रह प्रदर्शित किया गया। प्रतिष्ठित प्रकाशकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे छात्रों और शिक्षकों को रियायती कीमतों पर साहित्यिक संसाधनों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच प्रदान की गई। कालेज लाइब्रेरियन महेश सूद ने शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में पढ़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। पुस्तकें ज्ञान का प्रवेश द्वार हैं।

(208) पंजाब केसरी 08/03/25

## बत्रा महाविद्यालय में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

पालमपुर, 7 मार्च (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर ने अपने परिसर में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मेले में अकादमिक प्रकाशनों और संदर्भ सामग्रियों और प्रतियोगी परीक्षा गाइडों से लेकर पुस्तकों का विविध संग्रह प्रदर्शित किया गया। प्रतिष्ठित प्रकाशकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

(209) दैनिक जागरण 08/03/25

## विक्रम बतरा कालेज में लगाई कार्यशाला

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से बांबे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) और कृष्णा फाउंडेशन (एनजीओ) के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सेबी निवेशक प्रमाणन परीक्षा के माध्यम से जागरूकता प्रदान करना रहा। (संस)

classmate

DATE

(210) हिमाचल दस्तक !- 08/03/2025

## पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

पालमपुर। एससीवीबी गवर्नमेंट कॉलेज, पालमपुर ने अपने परिसर में पुस्तक प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया, कॉलेज प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच पढ़ने और बौद्धिक संवर्धन की संस्कृति को बढ़ावा देना था। मेले में अकादमिक प्रकाशनों और संदर्भ सामग्रियों और प्रतियोगी परीक्षा गाइडों से लेकर पुस्तकों का विविध संग्रह प्रदर्शित किया गया। प्रतिष्ठित प्रकाशकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे छात्रों और शिक्षकों को रियायती कीमतों पर साहित्यिक संसाधनों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच प्रदान की गई।

(211) पंजाब केसरी !- 09/03/2025 (09/03/2025)

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पालमपुर की डॉ. शैलजा वासुदेवा पांच अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

पालमपुर, 8 मार्च (भृगु): अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में राजनीति शास्त्र विषय की सहप्राध्यापक के रूप में कार्यरत डॉ. शैलजा वासुदेवा, को एशिया, अफ्रीका तथा यूरोप के विभिन्न देशों अमेरिका इंगलैंड फिलीपींस नाइजीरिया के विभिन्न संस्थानों द्वारा ऑनलाइन पंच अवार्डों से सम्मानित किया गया।



अमेरिका की ऑप्टिमम लाइफ एंटरप्राइजिज एल.एल.सी. लुईजियाना से अंतर्राष्ट्रीय शाइनिंग स्टार इन एजुकेशन फील्ड अवार्ड, अंतर्राष्ट्रीय कंफीग्रेशन वर्ल्डवाइड प्रिंसीपल्स इंडिया से इंस्पायरिंग वूमैन एजुकेटर अवार्ड, एस. डब्ल्यू.ओ.टी. एजुकेशनल टीम नाइजीरिया अफ्रीका से अंतरराष्ट्रीय प्रेरणादायक आत्मविश्वासी और आईकॉनिक विश्व नारी अवार्ड, एजुकेशन क्लब नाइजीरिया अफ्रीका से इंस्पायरिंग फीमेल एजुकेटर अवार्ड, लक्ष्यम एजुकेशनल ग्रुप लंदन इंग्लैंड से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अप्रिशिएसन अवार्ड तथा एसोसिएशन ऑफ प्रोफैशनल टीचर एंड रिसचर्स आई.एन.सी. फिलिपींस की ओर से इंस्पायरिंग इंटरनैशनल वूमैन 'एस अवार्ड प्राप्त हुए।

यह पांचवा अवार्ड डॉक्टर शैलजा को स्थानीय राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र और विश्व के विभिन्न देशों के सरकारी तथा गैर सरकारी विश्वविद्यालयों और अकादमी में अपनी सेवाएं फ्री ऑफ कॉस्ट सफलतापूर्वक देने के लिए प्रदान किया गया।

डॉ. शैलजा अपने 19 वर्षीय शैक्षणिक काल में अभी तक लगभग 45 के आसपास राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त कर चुकी है। डॉ. शैलजा के 32 शोध पत्र प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय जनरल्स में प्रकाशित होना, लगभग 40 वर्कशॉप्स में प्रतिभागिता दर्ज करना, 50 पेपर ग्लोबल कॉन्फ्रैंस में प्रस्तुत करना, 70 के आसपास अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों में समन्वयक की भूमिका निभाना तथा 50 के आसपास विभिन्न देशों के शैक्षणिक संस्थाओं के लिए ऑनलाइन लैक्चर और शोध पत्र प्रस्तुत करना वस्तुत: संस्थान, परिवार और व्यक्तिगत रूप से असीम प्रसन्नता तथा गर्वोन्नत होने के भरपूर अवसर प्रदान करता है तथा विभिन्न प्रकार के सम्मानों से अलंकृत होना आगे ही आगे जीवन की आगामी सफलताओं के अवसर सुनिश्चित करता है।

DATE

(212) पंजाब केसरी
18|03|2025

# ईको ओलिंपिक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम सम्मानित



*पालमपुर : तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली महाविद्यालय की टीम को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।* (भृगु)

पालमपुर, 17 मार्च (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने एन.जी.ओ. बैस्ट वॉरियर द्वारा एक महीने तक आयोजित ईको ओलिंपिक प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महाविद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा के विभिन्न 9 शिक्षण संस्थानों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। इन सभी गतिविधियों के मूल्यांकन के उपरान्त श्रेष्ठ रहने वाले संस्थानों और उनके प्रतिभागियों को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में ट्रॉफी, मैडल और सर्टीफिकेट देकर बैस्ट वॉरियर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्रतिभागियों का इस पूरी प्रतियोगिता के दौरान मार्गदर्शन डा. अनुराधा शर्मा और डा. बोविन्दर कटोच द्वारा किया गया।

(213) दैनिक जागरण
18|03|2025

# ईको ओलिंपिक्स स्पर्धा में छाए विद्यार्थी

**पालमपुर :** बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने एनजीओ वेस्ट वारियर की ओर से आयोजित ईको ओलंपिक्स प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा के विभिन्न नौ शिक्षण संस्थानों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों में भाग लिया। अंत में सभी गतिविधियों के मूल्यांकन के उपरांत श्रेष्ठ रहने वाले संस्थानों और उनके प्रतिभागियों को धर्मशाला कालेज के आडिटोरियम में कार्यक्रम में वाटर वारियर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। (संस)

(215)

(214) दैनिक जागरण !
21|03|2025

(216) दै

# पंकज को बनाया ईस्ट जोन का को-आर्डिनेटर

**संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर :** बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सभा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों की क्षेत्रीय समन्वय समिति का गठन किया गया।

ईस्ट जोन से समन्वयक बतरा कालेज के प्राचार्य पंकज सूद को बनाया गया और सहायक समन्वयक राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर के प्राचार्य उपेंद्र शर्मा को बनाया गया। निर्णय लिया कि हर कालेज में एक कालेज इमरजेंसी रिस्पांस सेंटर और रिस्पांस टीम स्थापित की जाएगी। साल में एक बार सुरक्षा और जोनल स्तर पर आपदा प्रबंधन संबंधित प्रतियोगिता करवाई जाएंगी। महाविद्यालयों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर आपदा न्यूनीकरण और प्रतिक्रिया तैयारी के लिए जिला इंटर एजेंसी ग्रुप (आइएजी कांगड़ा) के साथ मिलकर सहयोगात्मक रूप से विभिन्न गतिविधियां शुरू की जाएंगी। आपदा प्रबंधन को नई शिक्षा नीति के तहत एक यूनिट क्रेडिट के रूप में शामिल कर सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य किया जाए।

**बलिदानी विक्रम बतरा कालेज पालमपुर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किया सभा का आयोजन**

इस सभा में जिला इंटर एजेंसी ग्रुप कांगड़ा की ओर से हरजीत भुल्लर व टीम और नार्थ जोन के विभिन्न महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी शामिल रहे। इनमें नौरा, थुरल, जयसिंहपुर, मुल्तान, शिवनगर महाविद्यालय शामिल रहे।

c/A

(215) दिव्य हिमाचल

## पालमपुर में कालेज में जोन कॉर्डिनेशन समिति का गठन



पालमपुर। राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की जोनल कॉर्डिनेशन समिति का गठन किया गया, जिसके ईस्ट जोन के को-अर्डिनेटर प्राचार्य पंकज सूद राजकीय महाविद्यालय पालमपुर को बनाया गया और को-कॉर्डिनेटर प्राचार्य उपेंद्र शर्मा राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर को बनाया गया। इस सभा में सभी महाविद्यालयों के आपदा प्रबंधन योजनाओं पर पुनर्विचार किया गया और ये निर्णय लिया गया कि हर कालेज में एक कालेज एमेंजेंसी रिस्पांस सेंटर और रिस्पांस टीम स्थापित की जाएगी। ये भी निर्णय लिया गया कि साल में एक बार सुरक्षा और जोनल स्तर पर आपदा प्रबंधन संबंधित प्रतियोगिता करवाई जाएगी और महाविद्यालयों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर आपदा न्यूनीकरण और प्रतिक्रिया तैयारी के लिए जिला इंटर एजेंसी ग्रुप आईएजी कांगड़ा के साथ मिलकर सहयोगात्मक रूप से विभिन्न गतिविधियां शुरू की जाएंगी। ये भी सुझाव दिया गया कि आपदा प्रबंधन को नई शिक्षा नीति के तहत एक यूनिट क्रेडिट के रूप में शामिल कर सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य किया जाए। इस सभा में जिला इंटर एजेंसी ग्रुप कांगड़ा की ओर से हरजीत भुल्लर व उनकी टीम और नॉर्थ जोन के विभिन्न महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी इसमें शामिल रहे। इसमें नौरा, थुरल, जयसिंहपुर, मुल्थान, शिवनगर महाविद्यालय उपस्थित रहे।

(216) दैनिक जागरण :- 23/04/2025.

## अधिकारों के प्रति सजग रहें लोग

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में शनिवार को वर्ल्ड कंज्यूमर राइट्स डे मनाया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) के सहयोग से गुणवत्ता कनेक्ट अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों और शिक्षकों को उपभोक्ता अधिकारों और गुणवत्ता मानकों के प्रति जागरूकता व्याख्यान में बीआइएस के करणवीर सिंह ने गुणवत्ता मानकों के विकास और प्रवर्तन पर चर्चा की। बीआइएस के संसाधन व्यक्ति करणवीर सिंह ने गुणवत्ता मानकों के विकास और प्रवर्तन पर प्रकाश डाला और उपभोक्ता जागरूकता के महत्व को रेखांकित किया तथा उपभोक्ता अधिकारों और प्रमाणपत्रों पर इंटरएक्टिव चर्चा भी की गई। इसमें लोगों को अपने हितों की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के स[illegible]न पर प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने सभी को सतर्क रहने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद प्रो. मनीषा शर्मा और करणवीर सिंह ने स्टैंडर्ड क्लब के छात्रों के साथ एसडीएम नेत्रा मेती और संयुक्त कार्यालय पालमपुर के कर्मचारियों से मिलकर कार्यक्रम की जानकारी दी। इसी कड़ी में शुक्रवार को बत्रा कालेज के 30 विज्ञान संकाय छात्रों ने प्रो. मनीषा शर्मा के मार्गदर्शन और डा. अनुपमा शर्मा एवं संसाधन व्यक्ति करण वीर सिंह के साथ कंसेल पैकेज्ड ड्रिंकिंग नेचुरल मिनरल वाटर उद्योग पपरोला का दौरा किया। (संस)

(217) दैनिक जागरण :- 24/03/2025

(218) हिमाचल दस्तक ! 25/03/2025

## इंडक्शन मीटिंग में विद्यार्थियों को बताई इग्नू की शैक्षणिक प्रणाली

**संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र 1187 (बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर) में नए प्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। अध्ययन केंद्र सहायक समन्वयक लेफ्टिनेंट दीप कुमार ने बताया कि बैठक का आयोजन छात्रों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली, अध्ययन सामग्री, मूल्यांकन प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया है।

इंडक्शन कार्यक्रम में 32 छात्रों ने भाग लिया। बैठक में नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का परिचय, इग्नू की विशेषताओं, शिक्षण प्रणाली सहित इसकी भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अध्ययन सामग्री, ई-लर्निंग प्लेटफार्म (जैसे स्वायम, ई-ज्ञानकोष) और पुस्तकालय सेवाओं के बारे में बताया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को असाइनमेंट जमा करने, परीक्षाओं और अन्य महत्वपूर्ण तिथियां भी बताईं।

## विक्रम बतरा कॉलेज में मनाया क्षय रोग दिवस



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब के सौजन्य से विश्व क्षय रोग दिवस को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन क्लब के समन्वयक डॉक्टर बोविंद्र कटोच के मार्गदर्शन में किया गया। इसके अंतर्गत स्टोन पेंटिंग, रील मेकिंग प्रतियोगिता में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने प्रतिभागियों की कलात्मक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि क्षय रोग जैसे अति गंभीर रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन सक्रिय रूप से विभिन्न समुदायों और भागीदारों से जोड़ता है और उनके प्रयासों को सुनिश्चित करता है। प्रोफेसर डॉक्टर अनुराधा शर्मा तथा प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने भी विचार साझा किए।

(219) दिव्य हिमाचल :- 25/03/2025

## विक्रम बतरा कालेज में प्रतिभागियों को बांटे पुरस्कार

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब के सौजन्य से विश्व क्षय रोग दिवस को मनाने के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन क्लब के समन्वक डाक्टर बोविंद्र कटोच के मार्गदर्शन में करवाया गया। इसके अंतर्गत स्टोन पेंटिंग, रील मेकिंग प्रतियोगिता में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने प्रतिभागियों की कलात्मक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने भी क्षय रोग से संबंधित अपने विचारों को सांझा किया। अंत में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने समाज में जागरूकता का प्रसार करने और इस बीमारी को खत्म करने में अपना योगदान देने की शपथ ली।

DATE

(220) दैनिक जागरण :- 25/03/2025

# क्षय रोग के विरुद्ध लड़ने की शपथ

## बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा कालेज के रेड रिबन क्लब ने करवाई कई स्पर्धाएं



कैप्टन विक्रम बतरा कालेज में कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्राध्यापक व छात्र • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर :** बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के रेड रिबन क्लब के सौजन्य से विश्व क्षय रोग दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने क्षय रोग को खत्म करने में अपना योगदान देने की शपथ भी ली।

क्लब के समन्वक डाक्र बोविंदर कटोच के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत स्टोन पेंटिंग, रील मेकिंग प्रतियोगिता में लगभग 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने प्रतिभागियों की कलात्मक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। प्रोफेसर डा. अनुराधा शर्मा ने क्षय रोग के सभी पहलुओं से छात्रों और शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग को अवगत करवाया।

### फार्मेसी कालेज में टीबी रोग के बारे में दी जानकारी

**संवाद सूत्र, जागरण • परागपुर :** स्वास्थ्य खंड डाडासीबा के तहत फार्मेसी कालेज रक्कड़ में क्षय रोग विश्व दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में फार्मेसी के छात्रों व अध्यापकों ने भाग लिया। स्वास्थ्य अधिकारी डा. सतीश, डा. शायना ने क्षय रोग की जानकारी दी। इस दौरान हुई रंगोली, पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।